जीना सिखाया श्याम ने | By Vandna Arora Gandhi

जबसे तूने श्याम मुझे अपनाया है
जीने का अंदाज़ मुझे सिखलाया है
खुशनुमा ज़िन्दगी को बनाया है
जबसे तूने श्याम.....

गिरती थी उठती थी मैं खाकर ठोकर
वक़्त गुज़ारा मेरी इन आँखों ने रोकर
अब तो हर पल मेरा मुस्कुराया है
जबसे तूने श्याम.....

कीमत ना थी कुछ भी मेरे जज्बातों की
चिंता ने ले ली थी मेरी नींदें रातों की
जो ना सोचा कभी वो पाया है
जबसे तूने श्याम.....

शुक्र सांवरे तेरा मैं करती सुबह शाम
तेरी कृपा से मेरे बने सारे बिगड़े काम
तूने कुंदन सा मुझे चमकाया है
जबसे तूने श्याम.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a5%80%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%bf%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a5%87-by-vandna-arora-gandhi/